## स्पीड न्यूज

### बच्ची को सांप ने डसा, गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के जशपुर रोड निवासी संतोष गुप्ता के 8 वर्षीय पुत्री पुष्पा कुमारी को सांप ने डस लिया। जिसे आनन-फानन में परिजनों ने सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल बच्ची का उपचार जारी है। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि घर के समीप ही बच्ची अपने कुछ दोस्तों के साथ खेल रही थी। तभी एक काले रंग के सांप ने उसे डस लिया।

### रौनियार वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आज

**गुमला।** रौनियार वैश्य समाज गुमला द्वारा 6 मार्च को पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद और सचिव अनमोल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च दिन सोमवार को संध्या 7:00 बजे से कार्यक्रम आरंभ होगा। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। साथ ही कहा कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

### बजरंग दल के पांच कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के 5 कार्यकताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शिवम केसरी, अभिषेक देवनाथ, उदय महतो, सतीश लकड़ा और सतीश कुमार के नाम शामिल है। रक्तदान से सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की जीवन रक्षा की गई।

# मिर्गी दौरे में झाड़-फूंक करवाना अंधविश्वास : उपायुक्त

## गुमला में 'प्रोजेक्ट आशा' के तहत मिर्गी रोगियों की नि:शुल्क जांच को लगाया गया शिविर



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल उपायुक्त, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के मिर्गी के मरीजों एवं अन्य मानसिक रोगियों के इलाज के लिए एक पहल करते हुए 'प्रोजेक्ट आशा' के तहत नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन रविवार को सदर अस्पताल परिसर में करवाया। शिविर में लगभग 500 से अधिक मरीज पहुंचे एवं उन्होंने नि:शुल्क अपनी जांच करवायी। साथ ही, मरीजों को मिर्गी एवं मस्तिस्क से जुड़े रोग से होने वाली समस्याओं से जागरूक किया गया।

शिविर में रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के मशहूर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार एवं उनके टीम द्वारा मरीजों की नि:शुल्क जांच की गयी। साथ ही, उनके इलाज के लिए मुफ्त में दवा का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा जिले के सभी सीएचओ एवं चिकित्साकर्मियों की टीम को मिर्गी एवं मस्तिस्क रोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव एवं एसडीओ सदर उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए सीएचओ एवं चिकित्साकर्मियों की टीम को संबोधित करते हुए डॉ सुरेंद्र ने बताया कि दुनियाभर में एक हजार में से 10 लोग मिर्गी की चपेट में हैं। समय पर बीमारी की पहचान होने पर इसका इलाज संभव है। डॉक्टरों के मुताबिक फैमिली हिस्ट्री होने या दुर्घटना के कारण दिमाग में चोट लगने के कारण भी यह बीमारी हो सकती है। हालांकि, ज्यादतर केसों में इसका कारण पता नहीं लग पाता। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसमें दिमाग का कामकाज प्रभावित हो जाता है।

उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा की शुरुआत की गयी है। इसके तहत मिर्गी एवं मस्तिस्क से संबंधित बीमारियों का इलाज नि:शुल्क शिविर के माध्यम से करवाया जायेगा। भारत में पहली बार मिर्गी के इलाज के लिए इस प्रकार के शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में लोग मिर्गी के दौरे को अंधविश्वास के रूप में लेते हुए झाड़-फूंक करवाते हैं, जिस कारण मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाता है। मिर्गी की बीमारी मस्तिस्क से जुड़ी एक बीमारी है, जिसका इलाज संभव है।

शिविर में चिकित्सकों की पूरी टीम ने मरीजों की समस्याओं को सुना एवं ऑन द स्पॉट दवा एवं आवश्यक सुझाव दिया। जिला प्रशासन द्वारा इन मरीजों के ठीक होने तक लगातार समय समय पर शिविर लगाया जायेगा।

### चिंतित कर रही सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं : रमेश चीनी

**गुमला।** गुमला में इन दिनों लगातार किशोरी से सामुहिक दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे है। अस्मत लूटने वाले आरोपी भी कम उम्र के है। इस प्रकार की घटना को कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने समाज के लिए चिंताजनक बताया है। कहा है कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना की। जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन सभ्य समाज के निर्माण के लिए काम कर रहा है। उसी समाज में इस प्रकार का कृत्य कलंकित करने वाला है। आदिवासी बहुल गुमला जिले में ऐसे मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे है। तमाम प्रयासों और जागरूकता अभियानों के बावजूद दुष्कर्म की घटना समाज को खोखला कर रहा है। ऐसे में हम सभी को आगे आकर जागरूकता के लिए मुहिम चलाने की आवश्यकता है।

# भंडरा बीडीओ ने सद्भावना दूतों के साथ की बैठक


बैठक करते बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड परिसर स्थित सभागार में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार के उपस्थिति में युवा सद्भावना मंच के सद्भावना दूतों के साथ प्रखंड में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने से संबंधित विचार विमर्श किया गिया।

इस क्रम में प्रशासनिक पदाधिकारियों ने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे सांप्रदायिक सौहार्द को एक अच्छी परंपरा बताया। सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने हेतु कुछ टिप्स भी दिए गए । समाज में लोगों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर अफवाह एवं सामाजिक तत्व से सावधान रहने की बात कही । असमाजिक तत्व एवं अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी रखने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# लंगड़ा मोड़ गोलीकांड के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड में घर में घुसकर मामा व भागना को गोली मार कर हत्या का प्रयास करने के मामले में चैनपुर पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

यह घटना गत शुक्रवार की देर रात लगभग 9 बजे की है और अपराधी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गये थे। पुलिस ने घटना को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए गोली चलाने वाले एक अभियुक्त बरवेनगर निवासी अजबुल मियां उर्फ आजो पिता सुल्तान मियां को गिरफ्तार किया और मामले का खुलासा कर दिया है। सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि जख्मी ईबरार खान का अभियुक्त अजमल मियां के साथ पहले से ईंटा बनाने एवं दोनों का खस्सी बकरी खरीद बिक्री के लेनदेन को लेकर अंदरूनी विवाद था। पूर्व में अजबुल मियां के पिता को मवेशी काटने के आरोप में चैनपुर थाना में कांड दर्ज किया गया था। जिस संबंध में अभियुक्त अजबुल मियां को संदेह था कि उसके पिता को उसके ही द्वारा पुलिस को सूचना देकर पकड़वाया गया था। इन्हीं सब कारणों को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। इबरार के द्वारा भी लोगों के पास यदा-कदा कहा जाता था कि अजबुल को हम को मारना है। जिसकी सूचना अजबुल को किसी माध्यम से लग गई। जिस कारण अजबुल भी आक्रोश में था। जिसके बाद शुक्रवार को अजबुल मियां के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। गोली चलाने वाले अभियुक्त की पहचान जख्मी इबरार खान के द्वारा कर किया गया था और अपने बयान में भी अजबुल मियां उर्फ आजो के द्वारा गोली मारकर जख्मी करने की बात स्वीकार की है। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एएसआई राजेश कुमार एवं सैट 12 एवं रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।


गिरफ्तार आरोपी के साथ इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व अन्य।

## एक नजर में

### आपसी भाईचारगी से मनायें त्यौहार

**कैरो।** होली व शब ए बारात त्योहार को लेकर थाना क्षेत्र के खरता मेला टांड़ में रविवार को थाना प्रभारी संखनाद उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। इसमें उपस्थित गण्यमान्य लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी समरसता और भाईचारगी के लिए मनाया जाता है। ऐसे में हमें एक-दूसरे के त्योहार में सहयोग करते हुए आपसी भाईचारे की मिसाल देने की जरूरत है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के शपथग्रहण में जायेंगे दिल्ली

**कुडू /लोहरदगा।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष का शपथग्रहण समारोह आगामी 13 मार्च को दिल्ली में आयोजित किया गया है । राष्ट्रीय अध्यक्ष के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए झारखंड से सभी जिला अध्यक्ष, सचिव तथा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष से लेकर प्रदेश स्तरीय पदधारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे ।

### सड़क निर्माण के विरोध करने का निर्णय

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक रायडीह प्रखंड के परसा गांव में संपन्न हुई। इसमें भारत माला परियोजना के तहत सड़क निर्माण के विरोध का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि आदिवासियों के विस्थापन की कोई योजना सफल नहीं होने दी जायेगी।

### जय श्री राम समिति का होली मिलन समारोह

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति लोहरदगा के द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में भजन मंडली द्वारा फगुआ के मधुर गीत का गायन किया गया। ढोलक ताल मृदंग आदि वाद्य यंत्रों के माध्यम से फगुआमय वातावरण में सभी ने गोते लगाए। इस दौरान अबीर गुलाल से लोग होली मनाएं एवं फगुआ के गीतों पर झूमते नजर आए।

### फोटोग्राफी एसो. का होली मिलन समारोह आयोजित

**लोहरदगा।** झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय सिटी एवेन्यू के सभागार में एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिले के सभी फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर शामिल हुए। इस कार्यक्रम का शुरुआत अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने होली की बधाई देते हुए की। संस्था के वरिष्ठ सदस्य विनोद सोनी ने कहा कि इस वर्ष संस्था के तरफ से अनेक फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित होगी।

### होली कटुता मिटाने वाला पर्व है : राज लक्ष्मी

**गुमला।** पंजाबी परिवार के महिलाओं के द्वारा रविवार को आनंद नगर गुमला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सनातन धर्म की महिलाएं भारी संख्या में शामिल हुई। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मौके पर राज लक्ष्मी आनंद ने कहा कि होली मन की कुटता को मिटाने वाला पर्व है।

### सूड़ी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**गुमला।** सूड़ी समाज का होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम रविवार को गुमला स्थित सूड़ी धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, जिला सचिव संदीप प्रसा, नंद किशोर साह, प्रकाश साहू सहित कई लोग ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार साहु ने कहा कि होली मिलन का कार्यक्रम मिलने का एक माध्यम तो है ही, अपितु जिनके बीच मनमुटाव का बोध हो गया हो उनके बीच पुन: तालमेल का मंच प्रदान करता है। सूड़ी समाज गुमला का यह कार्यक्रम कटु सम्बन्ध को मधुरता में बदलता है।

### चैती दुर्गा पूजा समिति का होली मिलन 8 को

**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक अध्यक्ष श्री सुरेश मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 8 मार्च को होली मिलन उत्सव स्थानीय हिंदुस्तान टावर मेन रोड गुमला में मनाने का निर्णय लिया गया। यह उत्सव प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक चलेगा।

### सबों को एकजुट होने की जरूरत : भूषण महतो

**सिसई।** सिसई प्रखंड के लकाया डुमारटोली मैदान में धनीराम गोप की अध्यक्षता में अहीर यादव समाज का होली मिलन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह जिलाअध्यक्ष प्रोफेसर भूषण महतो ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु सबों को एक जुट हो जाने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि बेड़ो प्रखंड प्रमुख महाबीर गोप ने होली की शुभकामनाएं दी।

### नगर परिषद ने निकाली साइकिल रैली

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर नगर परिषद की शहरी आजीविका मिशन की टीम ने रविवार को साइकिल रैली निकाली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से 3 दिन पूर्व स्वस्थ नारी, स्वस्थ भारत विषय पर आयोजित इस साइकिल रैली की अगुवाई कार्यपालक मजिस्ट्रेट रश्मि कुमारी मिंज तथा गुमला महिला थाना प्रभारी सुनीता कुमारी ने की। वहीं इस रैली को हरी झंडी दिखाने का काम श्रीमती मंजू देवी ने की। मंजू देवी ने पिछले सप्ताह कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार की अपील पर हड़िया व्यवसाय छोड़कर वैकल्पिक जीविका को अपनाया है, साथ ही वे शहर की अन्य महिलाओं को भी हड़िया व्यवसाय को छोड़ने को प्रेरित कर रही हैं। रैली का संयोजन नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग तथा सामुदायिक संगठनकर्ता विमला देवी ने किया।

# प्रशासन एकादश ने प्रेस एकादश को 6 विकेट से हराया


खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते एसपी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना क्रिकेट मैच सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । क्रिकेट मैच प्रशासन इलेवन बनाम प्रेस इलेवन के बीच मैच खेला गया। मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए प्रेस इलेवन की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 100 रन बनाए। टीम की ओर से सबसे ज्यादा रोहित ने 47 जयजीत ने 22 , आकाश ने नाबाद 15 रन और रोशन ने 10 रन बनाए। वहीं प्रशासन इलेवन की टीम के तरफ से बॉलिंग में एसपी आर रामकुमार ने 1 , रघुवंश 1 विकेट तथा आईलेक्स एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन इलेवन की टीम ने 12 ओवर 4 बॉल में 4 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना कर 6 विकेट से मैच जीत लिया। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा संतोष ने 34 सनी कुमार ने 30 रन का योगदान दिया। प्रेस इलेवन की टीम के तरफ से बॉलिंग में जय जीत , रोहित और रोशन ने 11 विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित को दिया गया। मैच के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी आर रामकुमार ने कहा की इस तरह के आयोजन से आपसी सद्भाव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि होली पर्व एक दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक मिल जुलकर त्यौहार मानने का पर्व है।

### अवैध देसी शराब किया बरामद

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में होली त्योहार को लेकर अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें खरता गांव निवासी दुर्गा साहू के पुत्र पप्पू साहू के दुकान से 20 लीटर महुवा शराब व सात किलोग्राम जावा महुवा बरामद किया गया। पप्पू साहू अपने दुकान से फरार हो गया। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार करमाली ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# ताशा झा का नाम दूसरी बार इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कक्षा नवम की छात्रा ताशा झा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। यह दूसरी बार है जब ताशा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। एनसीसी के गौरवपूर्ण 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हिंदी कविता संग्रह पंखुड़ियाँ प्रकाशित करने का रिकॉर्ड झारखंड के गुमला की ताशा झा ने बनाया है। एनसीसी के 75 वर्ष को



समर्पित हिन्दी में सर्वाधिक कविताएँ लिखकर उन्हें काव्य संग्रह के रूप में स्वप्रकाशित करने वाली वह पहली कैडेट है। ताशा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स टीम की तरफ से आईबीआर मेडल, सर्टिफि केट, बैज, पेन आदि देकर सम्मानित किया गया है.इसके पूर्व सार्जेंट ताशा झा द्वारा लिखित पुस्तक पंखुड़ियाँ की डीजीएनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह तथा एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर राँची ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वी एस यादव ने पत्र भेजकर प्रशंसा की है। झारखंड कमान अधिकारी कर्नल नवीन कुमार ने ताशा को बधाई देते हुए उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने कहा कि यह नये विद्यार्थियों को प्रेरणा देगी।

# सेवा भारती ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 37 वें सप्ताह को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया।शिविर का उद्घाटन वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं समाजसेवी गोपाल सिंह के द्वारा भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवाया। मौके पर वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं गोपाल सिंह ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इससे बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं,और कहा कि दीपक सर्राफ के द्वारा लगातार प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त में स्वास्थ्य चेकअप करना बहुत ही सराहनीय कार्य है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है एवं डॉ कुमुद अग्रवाल के द्वारा व्यस्तता के बावजूद भी समय देकर लोगों का मुफ्त में इलाज कर सेवा देना यह बहुत ही बड़ा कार्य है।जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। शिविर में संजय चौधरी, अवधेश मित्तल, रामप्रसाद कास्यंकार, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।


जांच करते डॉक्टर।

# अंजनी पुत्र की टीम ने जमाया मीडिया कप पर कब्जा

## मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता : टांगीनाथ धाम की टीम को छह विकेट से पराजित किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम में खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अंजनी पुत्र व टांगीनाथ धाम टीम के बीच हुआ। अंजनी पुत्र की टीम ने फाइनल मैच छह विकेट से जीतकर मीडिया कप क्रिकेट पर कब्जा जमा लिया।

टॉस जीतकर अंजनी पुत्र टीम ने टांगीनाथ धाम टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित 15 ओवरों में टांगीनाथ धाम की टीम ने सभी विकेट खोकर 56 रन बनाये। अंजनी पुत्र टीम की ओर से दीपक वर्मा , भोला चौधरी, मुकेश सोनी, दुर्जय पासवान ने बेहतर गेंदबाजी कर मैच का रुख बदल दिया और 56 रन पर ही टांगीनाथ धाम को समेट दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी अंजनी पुत्र टीम ने चार विकेट खोकर मैच जीत लिया। टीम की ओर से उपेश पांडेय, अखिलेश कुमार व अंकित ने अच्छी बल्लेबाजी कर मैच जिताया। इससे पहले, दूसरा सेमीफाइनल मैच पंपापुर व टांगीनाथ धाम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर टांगीनाथ धाम टीम ने पंपापुर को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित 12 ओवरों में पंपापुर टीम ने सभी विकेट खोकर 45 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी टांगीनाथ धाम टीम ने पांच विकेट खोकर मैच जीत लिया। वहीं कार्यक्रम के समापन में पहुंचे नगर परिषद उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, वार्ड आयुक्त शैल मिश्रा व समाज सेवी द्वारिका मिश्र सुमन व समाज सेवी पंकज कुमार, जितेंद्र सिंह को एसोसिएशन के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

# युवा ही बदलाव के साधन हैं : भूषण भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह नगर भवन गुमला में संपन्न हुआ। समारोह में जनहित में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मिशन बदलाव के युवाओं के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत जनजागृति अभियान से शुरू किया गया और जुलूस के माध्यम से युवाओं को नशापान से दूर रहने एवं भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने की अपील की गई। जुलूस के बाद शहीद टावर चौक स्थित शहीद स्मारक, अल्बर्ट एक्का चौक और बाबा साहब भीमराव अंबडेकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। नगर भवन में मिशन बदलाव के सदस्यों के लिए द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि युवाओं द्वारा ही राज्य की दिशा और दशा बदली जा सकती है और अब समय आ गया है कि युवाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी। मंच का संचालन मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य राज कुमार और महिला सक्रिय सदस्य विनीता उरांव ने किया। मिशन बदलाव खुंटी के जय मंगल गुड़िया ने कहा कि खुंटी में भी युवा मिशन बदलाव से जुड़ने को तैयार हो रहे है। मिशन बदलाव सिमड़ेगा टीम के तुलसी साहू ने कहा कि मिशन बदलाव के क्रांतिकारी युवाओं के लिए द्वारा बदलाव की पटकथा लिखा जा चुका है केवल जरूरत है युवाओं को निरन्तर जोड़ने की। मिशन बदलाव हजारीबाग के रमेश महतो के ने कहा कि हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों में हमारे द्वारा कार्य की शुरूआत की जा चुकी है और मिशन बदलाव के हाईकोर्ट वकील भास्कर महतो के अधिवक्ता समूह ने कहा कि मिशन बदलाव में एक उद्देश्य के साथ जुड़ेंगे।


समारोह का शुभारंभ करते मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य।

स्पीड न्यूज

## होली मिलन समारोह में जमकर चले लात घूंसे

**चतरा।** राजद परिवार द्वारा होटल सेलिब्रेशन इन में आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर लात घूंसे चले। काफी मशक्कत के बाद झगड़ा सलटाया गया। मालूम हो कि होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित थे। समारोह के मौके पर नाच गाने का भी आयोजन किया गया था। जिसमें काफी संख्या में कार्यकताओं की भीड़ उमड़ी थी। नाच गाना उफान पर था इसी दौरान कार्यकर्ता आपस में भीड़ गए।

## पुलिस ने 50 केजी अवैध जावा महुआ किया नष्ट

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के आमीन गांव से रविवार को 50 किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट किया गया है। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने छापामारी अभियान चला रहे हैं। जिसके दौरान रंग का त्यौहार होली को देखते हुए अवैध शराब बनाने वाले पर पुलिस ने गहनता से शिकंजा कस रही है। एवं विभिन्न गांव में छापामारी अभियान चलाकर शराब बनाने वाले लोगों के प्रति कड़ी नजर रखते हुए महुआ जावा नष्ट किया जा रहा है।प्रशासन का कहना है कि होली का त्यौहार बिना शराब के शांतिपूर्ण तरीके से मनावें। इसके लिए जोर शोर से पुलिस प्रशासन अभियान चला रहे हैं।

## मोबाइल दुकान में चोरी, मामला दर्ज

**गिद्धौर।** थाना के अंतर्गत ब्रहम्पुर मोड़ में संचालित महालक्ष्मी मोबाइल शॉप एवं सर्विस दुकान से बीते 4 मार्च के रात्रि करीबन 9:00 बजे अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान के पीछे साइड से हॉल मारकर ढेर सारे सामान चोरी कर ली गई है। दुकान संचालक दशरथ कुमार(23)वर्ष पिता चरित्र दांगी ग्राम मजंगावा थाना गिद्धौर निवासी ने गिद्धौर थाना में 5 मार्च रविवार को आवेदन देकर अज्ञात चोरों के प्रति मामला दर्ज करवाया है। जिसमें उल्लेख किया है कि दुकान से 11पिस कीपैड मोबाइल ग्राहक के द्वारा दिए गए रिपेयरिंग के लिए मोबाइल ब्लूटूथ एवं नगद राशि की निकासी कर चोर भाग गए हैं। जिसका गिद्धौर थाना कांड संख्या 18/23 में मामला दर्ज किया गया है।

## होली मिलन समारोह आयोजित

**गिद्धौर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वधान में भेडी फार्म डैम के समीप मैदान में जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रकाश सिंह भोक्ता शामिल हुए। इस मौके पर किशुन कुमार दास ने बजरंग दल के कार्यकताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द का त्योहार है। हमसब आपसी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे से गले मिलते हैं। हर्ष उल्लास का यह रंग बिरंगा त्योहार में सराबोर हो कर हम सब होली मनाते हैं। इस मौके पर नागेश्वर शर्मा नंदलाल केसरी भुनेश्वर साहू संतोष कुमार दांगी परसादी पासवान एकल विद्यालय के कार्यकर्ता उदय कुमार एवं बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुधार प्रक्रिया अविलम्ब चालु करने की मांग: किसान

**टंडवा (चतरा)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना है। जिनकी पोर्टल में सुधार प्रक्रिया नहीं होने से किसानों में परेशानी बढ़ गई है, सुधार प्रक्रिया चालू करने की मांग गाडीलौंग के सुबोध चौरसिया, दिलीप राम, अब्दुल कलाम एवं गोबरधन साव समेत दर्जनों किसानों ने की है। बताया गया कि भारत सरकार के एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत सभी किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में प्रति वर्ष 6 हजार रूपया दिया जाता है, जिससे किसानों को खेती करने में थोड़ा बहुत मदद होती है। फिलहाल सैंकड़ो किसान इस लाभ से वंचित है, क्योंकि लाभुकों की आवेदन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया में कुछ- कुछ त्रुटि होने के कारण लाभ से वंचित हो गया है।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व मनायें : बीडीओ

### शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** होली व शब-ए-बारात पर्व के मद्देनजर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ बैद्यनाथ उरांव जबकि संचालन एएसआई सुजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर



अफवाहों से बचें। किसी भी तरह के समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल प्रखंड प्रशासन को जानकारी दें, ताकि त्वरित समस्या से निपटा जा सके। इसके आलावे उन्होंने कहा कि शोशल मीडिया पर कोई ऐसा पोस्ट ना करें, जिससे किसी खास धर्म, जाति व समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुचें। वहीं थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने सभी जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनो खास कर युवाओं से रंगोत्सव का त्योहार भाईचारगी से मनाने की अपील की। साथ ही मीडिया पर भ्रामक व समाज में द्वेष फैलाने वाले संदेशो को साझा ना करने की बात कही। इस उपरांत होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं पर्व को लेकर बीडियो बैद्यनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर एएसआई अशोक कुमार, निसात अहमद, बिनोद यादव, रामावतार चौधरी, मनोज कुमार निराला, धनंजय यादव, व्यूटी कुमारी, मो गुलाम रसूल, मो अजहर रब्बानी, अखिलेश यादव, निशांत कुमार, प्रवीण कुमार, समेत कई जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** घुरमुंडा में सर्पदंश से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान घरौंजा पंचायत के घुरमुंडा निवासीः भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य 50 वर्षीय रामकुमार यादव के रूप में की गई है। मिलीः जानकारी के अनुसार रामकुमार यादव शनिवार की सुबह खेत तरफ घूमने गया था, इसी दौरान एक जहरीला सांप ने उसे डंस लिया। जिसके बाद रामकुमार यादव घर आकर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसी बीच परिजनों ने आसपास के तांत्रिक लोगों को बुलाकर झाड़-फूंक करते हुए।

## पार्वती व पूजा को मिला राष्ट्रपति सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उपायुक्त आदित्य रंजन कीः पहल से जिले में हमार गांव हमार जिम्मेदारी की शुरुआत कर गांवों को विकास की डोर से जोड़ा जा रहा है।

जिले के करीब 120 गांवों में हमार गांव हमार जिम्मेदारी चलाकर गांव का विकास किया जा रहा है। उपायुक्त की पहल से शुरू की गई हमार गांव हमार जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन से कोडरमा जिला को जल शक्ति अभियान के तहत कैच दा रैन में जरगा पंचायत के कंझाटांड के पार्वती देवी एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम में मरकच्चो के आर्कोसा की पूजा देवी को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से नवाजा गया।

शनिवार को राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कैच द रैन के लिए पार्वती देवी और जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिएः पूजा देवी को सम्मानित किया गया।ः ःउपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि यहः जिला के लिए गौरवान्वित पल है। जिला प्रशासन के टीम द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निरंतर बेहतर कार्य किये जा रहेः हैं, जिला हर क्षेत्र में बेहतर करते आगे बढ़ रहा है।

उपायुक्त ने जिला प्रशासन के टीम, स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ साथ इस मुहिम में जुड़े ग्रामीणों को भी धन्यवाद दिया है।

## नर्सरी जंगल में लगी आग, पाया काबू

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के समीप नर्सरी जंगल में रविवार को अचानक आग लग गई। फिलहाल आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है एवं आग धीरे धीरे जंगल की ओर दहकता हुआ अंदर की ओर बढ़ रहा था। बता दें कि इस जंगल में आग लगना कोई नहीं घटना नहीं है, इससे पूर्व भी कई बार आग लग चुकी है। आग से जंगल को ज्यादा कुछ नुकसान होने की सूचना नहीं है।

## होली अहंकार पर प्रेम की जीत का प्रतीक है : विकास कुमार माली




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के तत्वावधान में संस्था के कार्यालय तिनकोनिया गैरज के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन संस्था के सचिव विकास कुमार माली व कोषाध्यक्ष उषा कुमारी ने संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर किया। तत्पश्चात सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मौके पर सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि जिस प्रकार के होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाते हैं। उसी प्रकार हमें भी दूसरों के जीवन में खुशी के रंग भरना चाहिए।

### डाक्टरों के नाम पर बरगलाये जाते हैं मरीज

## सही डाक्टरों से नहीं हो पाता है मरीजों का इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया शहर के राजगढ़िया रोड में आए दिन मेडिकल वालों का दलाली देखने को मिलता है। आज भी कुछ दलालों द्वारा एक व्यक्ति के पैकेट से पैसे निकालकर एक मेडिकल दुकान में नंबर लगा दिया गया और जब उस व्यक्ति ने इसका विरोध किया और अपने पैसे वापस मांगे तो उन दलालों द्वारा पैसे देने से मना कर दिया गया। इस संबंध में मरीज राजकुमार मेहता ने कहा कि मैं सुबह यहां देव फार्मा में दिखाने आया था, जब मैं आया था तब देव फार्मा बंद था तो मैं यहां घूम रहा



था, तब पारस मेडिकल के कुछ दलालों द्वारा मुझे बहला फुसलाकर मुझसे पैसे ले लिये गये, जब मैंने विरोध किया और कहा कि मेरे पैसे वापस करें तो उनलोगों ने देने से मना कर दिया। तब मैंने देव फार्मा के मालिक से कहा तो उन्होंने मेरे पैसे को वापस करने को कहा, लेकिन उन दलालों द्वारा मना कर दिया गया। फिर कुछ समय बाद मेरे पैसे को वापस कर दिया गया। वहीं इस संबंध में देव फार्मा के मालिक अशोक वर्णवाल ने बताया कि आए दिन मेडिकल दुकानदार का दलाली काफी बढ़ गया है। कुछ मेडिकल दुकानदार अपने दुकान के बाहर डक्टरों का बोर्ड लगाकर मरीजों को आये दिन ठेकने का काम करते हैं। वहीं अन्य मेडिकल दुकानदारों ने कहा कि इन लोगों का दलाली काफी बढ़ गया है, जिसके कारण अन्य मेडिकल दुकानदारों के साथ साथ मरीजों को भी परेशानी होती है।

# भव्य तरीके से रामनवमी मनायेगा महासमिति

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल गढ़वा की बैठक रविवार को शहर के वार्ड नंबर 16 संघत मुहल्ला स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामजी के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी को भव्य एवं दिव्य स्वरूप में मनाने का निर्णय लिया गया।




बैठक करते महासमिति के सदस्य

बैठक में 2023-24 के लिए नई कार्यसमिति की घोषणा की गई। जिसमें मुरली श्याम सोनी को संयोजक, दौलत सोनी को अध्यक्ष, आशिष वैद्य, उमेश कश्यप को महामंत्री, सूरज सिंह, राजकुमार गुप्ता, संजीव दुबे, अंकित दुबे, दीनदयाल पासवान को उपायक्ष, पिंटू कुमार ओला को प्रधान संगठन मंत्री, कमल चौबे, मयंक सोनी, राहुल मोदनवाल, रोबिन कश्यप, रामकुमार महतो, शुभम केशरी, शुभम चौबे, चन्दन सोनी, करन कुमार, शिवम कमलापुरी, चन्दन मालाकार, गौतम सोनी, पवन सोनी, सूर्यप्रकाश सिंह को मंत्री, रोहित कुमार छोटू, विवेक सिन्हा को कोषाध्यक्ष, अंशु कांस्यकार, शुभम केशरी, शुभम गुप्ता को मीडिया प्रभारी, आशिष दुबे को लीगल एडवाइजर बनाया गया है। वहीं रौनक कमलापुरी, राजू सोनी, रौशन पांडेय, शशिकांत दुबे, गणेश केशरी, रितेश कुशवाहा, कमलेश कुमार, उत्तम कुमार, पंकज विश्वकर्मा, बजरंग कुशवाहा, प्रिंस कांस्यकार, सभी अखाड़ा, सभी पूजा समिति एवं सभी भंडारा के अध्यक्ष एवं सचिव को कार्यसमिति सदस्य में शामिल किया गया है। जबकि संरक्षक मण्डल में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सांसद विष्णु दयाल राम, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी, भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, सत्येंद्र नाथ तिवारी, गिरिनाथ सिंह, अलखनाथ पांडेय, नंद कुमार गुप्ता, राकेश पाल, विनोद कमलापुरी, विनोद जायसवाल, बबलू पटवा, मनीष कमलापुरी, मनीष केशरी, मोहनचंद सोनार, पंकज केशरी, मिलान पहलवान, मुन्ना तिवारी, विजय केशरी, प्रो. उमेश सहाय, गौतम कृष्ण किशोर को शामिल किया गया है। मौके पर अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि नई समिति के गठन होते ही पूजा से संबंधित तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। इस वर्ष रामनवमी पूजा को लेकर गढ़वा शहर के पांच किलोमीटर तक के गांवो में भी अखाड़ा एवं शोभयात्रा निकालने के लिए प्रेरित एवं जनजागरण किया जायेगा।

चैत्र नवरात्र के प्रथम तिथि से ही वज स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक विद्वानों के द्वारा पूजन किया जाएगा। रामनवमी प्रारंभ होते ही पूरे शहर को एवं चौक-चौराहे को भगवा वज से पाट दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मुरली श्याम सोनी ने की। बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के सभी पदाधिकरी, विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित विभिन्न पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## डीसी ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने रविवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल के सभी सुविधाओ एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुनिश्चित किया कि सभी मौजूद सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उचित एवं सुचारू रूप में हो। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया तथा चिकित्सकों की रोस्टर ड्यूटी की पंजी,दवा की उपलब्धता, साफ सफाई समेत पर्व त्योहार के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल में मौजूद व्यवस्थाओ की जानकारी ली। उपायुक्त ने चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रियाशील अवस्था में रखे।

## पुलिस ने 240 बोतल केन बीयर किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले की प्रतापपुर थाना पुलिस को अंतरराज्यीय गिरोह के शराब माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कामयाबी हाँथ लगी है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में गठित प्रतापपुर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने ड्राई स्टेट बिहार में होली के दौरान आपूर्ति के लिए भेजे जा रहे अवैध विदेशी केन बियर का बड़ा खेप पकड़ा है। छापेमारी दल ने गोड फादर कंपनी के 240 केन बीयर जप्त किये है। यह अवैध अंग्रेजी शराब का खेप थाना क्षेत्र के चंद्री गोविंदपुर पंचायत के धर्मपुर गांव निवासी विजय साव के घर से बरामद किया गया। पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि झारखंड-बिहार



बार्डर पर स्थित लखन साव के घर में होली को रंगीन बनाने के लिए तथा बिहार में खपा कर मोटी रखम कमाने के उद्देश्य से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब स्टॉक किया गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन कर लखन साव के घर में छापेमारी कर प्लास्टिक के तीन बोरो में छुपा कर रखें गए कुल 240 बोतल गॉड फादर कंपनी का अंग्रेजी बीयर का केन बरामद किया गया। हालांकि इस दौरान घर के सभी सदस्य घर से फरार हो गए। जिसके बाद शराब के खेप को जप्त कर पुलिस थाना ले आई।

मामले में शराब तस्कर व माफियाओं के विरुद्ध प्रतापपुर थाने में उपताद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अभियान में एसआई अखिलेश कुमार यादव व सत्यमान कुंभकार समेत ससस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एक नजर में

## सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में निकाला गया प्रशासन फ्लैग मार्च

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य होली एवं शब ए बारात पर्व को लेकर एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने हेतु पूरे सिमरिया वासी को जागरूक किया गया। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक भावना को भड़काने वाले से भी निपटने हेतु फ्लैग मार्च किया गया। यह मार्च सिमरिया, सबानो, बगरा, हर्षनाथपुर समेत अन्य जगहों पर किया गया। आम जन से अपील है कि सोशल मीडिया पर फैल रहे अफवाह पर ध्यान नहीं दें, अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा सांप्रदायिक भावना को भड़काने या कोई अन्य आपत्ति जनक पोस्ट की जा रही है तो उसकी सूचना अविलंब जिला प्रशासन को दें। फ्लैग मार्च में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया,अंचल अधिकारी सिमरिया, थाना प्रभारी के साथ साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं लगभग 150 जवान सम्मिलित थे।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री सत्यानन्द भोगता, दी शुभकामनाएं

**चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता रविवार को नगरपरिषद क्षेत्र स्थित होटल सेलिब्रेशन इन् में राष्ट्रीय जनता दल परिवार की ओर से आयोजित कार्यकर्ता होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री सत्यानन्द भोगता ने अपने कार्यकताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द का त्योहार है। हमसब आपसी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे से गले मिलते हैं। हर्ष उल्लास का यह रंग बिरंगा त्योहार में सराबोर हो कर हम सब होली मनाते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जायन्ट्स ने किया होली सामग्री का वितरण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप अफ गढ़वा के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड स्थित खजुरी ग्राम के छोटे-छोटे बच्चों और ग्रामीणों के बीच होली के अवसर पर रंग, पिचकारी, अबीर गुलाल, टफी, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन ब्रांच आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने कहा कि होली सौहार्द का पर्व है। सभी लोगों को होली मिलजुलकर मनाना चाहिए।

## रेफरी फिटनेस टेस्ट का आयोजन सात को

**गढ़वा।** झारखंड रेफरी बोर्ड के निर्देशानुसार जिले के रामासाहू स्टेडियम में मंगलवार को प्रातः नौ बजे से रेफरी फिटनेस टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने बताया कि फिटनेस टेस्ट में गढ़वा, पलामू एवं लातेहार के पूर्व खिलाड़ी भाग लेंगे। टेस्ट में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों की अधिकतम उम्र 40 वर्ष होनी चाहिए। सभी प्रतिभागियों को मैट्रिक का प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित है और दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## पोस्को एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखनदी गांव निवासी पोस्को एक्ट प्राथमिकी अभियुक्त फिरोज अंसारी के घर पर बरडीहा थाना एसआई पंकज सिंदुरिया ने दलबल के द्वारा ढोल नगाड़े के साथ इश्तेहार चिपकाया। इार इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी संतोष पांडेय ने बताया कि थाना कांड संख्या 67/2022, दिनांक -16092022 धारा -376(3)/ 313 आईपीसी- 4/6 पोक्सो एक्ट के अभियुक्त फिरोज अंसारी पिता रियासत अंसारी ग्राम सुखनदी थाना बरडीहा जिला गढ़वा के निवासिय गृह पर विधिवत ढोल नगाड़ा बजाते हुए माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार चश्पाकर तामिला किया गया।

## एक वर्ष पूर्व बर्खास्त 15 कस्तूरबा कर्मी पुन: बहाल

**गढ़वा।** पिछले करीब एक वर्ष पूर्व कथित अनियमितता के आरोप में बर्खास्त किये गये जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के 15 शिक्षिकाएं एवं लेखापाल की पुनः बहाली कर ली गई है। विगत एक वर्ष तत्कालीन उपायुक्त राजेश पाठक ने उन्हें सेवामुक्त कर दिया था। ज्ञात हो कि गढ़वा जिले के नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा छात्राओं के लिए आवश्यक सामग्रियों यथा बेड, बिछावन, मच्छरदानी, दर्री, तोषक, तकिया आदि विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय क्रय समिति के निर्णयोपरांत क्रय करने का निर्देश दिया गया था। जिसे सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों क्रय किया गया।

## कनहर-सोन सिंचाई परियोजना से पलामू, गढ़वा के खेतो को मिलेगा पानी : सांसद

**रमना।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। किसानों की आय दोगुनी करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एवं गरीबी उन्मूलन की दिशा में उनकी सरकार ने कई कारगर कदम उठाया है। उक्त बातें पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने सिलीदाग पंचायत सचिवालय में आयोजित सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम में कही। सांसद श्री राम ने कहा कि 2023 के अंत तक कनहर-सोन सिंचाई परियोजना के माध्यम से पलामू और गढ़वा के खेतो को पानी मिलने लगेगा जिससे किसानों को बड़ा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश काफी मजबूत हुआ है।

## नकली शराब बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार, कई बोतल बीयर व शराब जप्त

**केतार।** केतार पुलिस एवं उत्पाद विभाग गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर परती पंचायत के अमवाडीह गांव में छापामारी कर बोतल बीयर, शराब जप्त किया गया। सभी बीयर व शराब उत्तर प्रदेश का पाया गया। साथ ही नकली शराब तैयार करने का सामग्री भी बरामद किया गया। आईबी का लेबल सात पता, झारखंड सरकार लेबल दस पता, खाली बोतल सौ पीस, व पन्द्रह लीटर स्प्रीट जप्त किया गया। साथ ही शराब बेच रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसमें धीरज कुमार व पप्पू चौधरी का नाम शामिल है। दोनों को उत्पाद विभाग के अधिकारी गिरफ्तार कर गढ़वा ले आये हैं।

## होली मिलन समारोह संपन्न

**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ का होली मिलन समारोह गुमो स्थित जिमखाना क्लब में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और होली का जमकर लुत्फ उठाया। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सचिव राम लखन सिंह, संरक्षक रामचंद्र सिंह और वरीय नेता रमेश सिंह ने कहा की रंगों और सौहार्द्र का यह पर्व हम सबों को हंसी खुशी और मिलजुल कर बिताना चाहिए। साथ ही होलिका दहन रूपी व्यवस्था में हमारे समाज और आसपास के कुरीतियों, बुराइयों को नष्ट कर हमें एक आदर्श समाज की स्थापना की दिशा में बढ़नी चाहिए। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से आपस में मेलजोल और भाईचारगी बढ़ती है।

## स्पीड न्यूज

### बरियातू खेल स्टेडियम में नाय ठाकुर समाज के लोगो ने मनाया होली मिलन समारोह

**बरियातू।** प्रखंड के खेल स्टेडियम भवन परिसर में नाय ठाकुर समाज के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण ठाकुर की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह मनाया। वहीं श्रवण ठाकुर ने बताया की होली हमलोगो के लिए खुशीयों का त्यौहार हैं। हम सभी को होली शांतिपूर्ण तरीके से मानना है एक दूसरे से भाईचारगी के साथ मिलकर इस त्यौहार को मनाना चाहिए। वहीं बुजुर्ग लक्ष्मण ठाकुर ने कहा कि आपलोग क्षेत्र के भविष्य हैं। शराब पीकर तेज गति से बाईक नहीं चलाएं साथ किसी तरह का द्विवेश भावना उत्पन्न नहीं होने दें। शांति व्यवस्था बनाकर होली मानना हम सभी का कर्तव्य है। होली मिलन समारोह मे मिठाई खिलाते हुए एक दूसरे को अबीर लगाकर गले मिला। मौके पर रघुनंदन ठाकुर, पप्पू ठाकर, कमल ठाकुर, बिनोद ठाकुर, अशोक ठाकुर, अरुण ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, कामेश्वर राजू, कुलदीप, राजन ठाकुर सहित अन्य नई ठाकुर समाज के लोग मौजूद थे।

### प्राकृतिक महा पर्व मनाने को लेकर हुई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड के नाचना स्थित सरना भवन परिसर मे पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव की अध्यक्षता मे सरहुल पर्व मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक मे उपस्थित सभी सरना धर्मावलंबियों से प्राकृतिक महापर्व मनाने व तैयारी के लिए सहमति बनाया। साथ ही बातया की आगामी 24 मार्च को सभी स्थानों मे सरहुल महापर्व मनाया जायेगा। जिसको लेकर बारियातू प्रखंड स्तरीय सरहुल की तैयारी को लेकर विशेष जोर दिया गया। वहीं प्रमुख उर्मिला देवी पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव, तेतर उरांव, जगदीश उरांव, धानेश्वर उरांव ने प्राकृतिक महा पर्व सरहुल की विशेषता के सम्बन्ध मे कई तरह का महत्वपूर्ण जानकारी दिया। सरहुल पर्व को संचालन कमिटी गठन करने सहित अन्य बिन्दुओ पर चर्चा के लिए दस मार्च को विशेष बैठक रखा गया है। मौके पर दिगम्बर टाना भगत, रामकिशुन उरांव, राजकुमार उरांव, अर्जुन उरांव, जितेंद्र उरांव, नारायण, महेंद्र, संतोष सहित काफी संख्या मे आदिवासी सरना धर्म के लोग मौजूद थे।

### अवैध कोयला लदे ट्रेक्टर को पुलिस ने किया जब्त, एक को भेजा जेल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी बेसरा मार्ग पर अवैध कोयला लदे ट्रेक्टर को पुलिस ने जब्त कर टोटी निवासी उगदेव उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए पुअनि दीपक नारायण सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी। सुचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी द्वारा टीम गठन किया गया। जहां पुअनि दीपक नारायण सिंह, पुअनि रवि कुमार, अनि मिथलेश कुमार सिंह, आईआरबी 4 के पुलिस बल के तत्परता से टोटी हेसला से बेसरा पक्की सड़क मे जेएच 07 एल 2507 पर तीन टन कोयला ले जा रहे ट्रेक्टर को जब्त कर लिया। वहीं उक्त कोयला से सम्बंधित चोरी करने के खिलाफ ग्राम टोटी हेसला निवासी उगदेव उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### गोनिया में खरवार भोगता समाज विकास संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया मे खरवार भोगता समाज विकास संघ के तत्वाधान मे होली मिलन समारोह मनाया गया। जहां पुरुष को पुरुष व महिला ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। वहीं पाहन विरोधी गंझु ने कहा की सभी गाँव मे पाहन द्वारा समत कटाई के बाद धुरहड़ के दिन हंसी खुशी से होली त्यौहार मनाया जाता है। वहीं आयोजक कर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, प्रखंड उपाध्यक्ष रवि गंझु, समाज सेवी सुकर गंझु, युवा प्रखंड सचिव विनोद पाहन, आमंत्रित सदस्य बिनोद गंझु, चिंतामनी गंझु, तुला गंझु, प्रसाद गंझु सहित दर्जनों महिला पुरुषों ने सर्व प्रथम तमिलनाडु मे हिंदी भाषी को हत्या एंव अत्याचार पर दो मिनट का मौन रखा साथ ही भाईचरगी सद्भावना के साथ होली पर्व मनाने की अपील की गई। वहीं खुशियाँ का त्यौहार मे नशा नहीं करने की नशीहत दी गई। ठीक उसके पश्चात एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दी. वहीं परम्परिक ढोल नगाड़े के साथ पुराने धरोहर को सहेज कर रखने के लिए पुराने तौर तरीके से नृत्य भी किया। मौके पर रामा गंझु, महेंद्र गंझु, रामकेश गंझु, मोहन, राजेन्द्र, रुपलाल, राजेश, मंतोरिया देवी, पार्वती देवी, प्रताप गंझु, प्रदीप विरोधी पाहन, बिगन सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

### सरयू टिओपी में होली व शब ए बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**सरयू।** सरयू टिओपी परिसर में शनिवार को होली व शब ए बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक के अध्यक्षता पुलिस अवर निरीक्षक मो. शाहिद अंसारी एवं सुरज कुमार ने की। मौके पर श्री शाहिद ने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनायें, किसी भी तरह की सूचना तत्काल पुलिस को दें, अफवाह न फैलाएं, बैठक के बाद पुलिस व ग्रामीणों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एक दूसरे को अबीर लगा कर त्योहार की शुभकामना दी गई।

### विक्षिप्त महिला ने बाइकसवार पर चलाया पत्थर, गंभीर

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी हिंडाल्को सायडिंग के समीप विक्षिप्त महिला ने एक बाइक सवार युवक पर पत्थर मार चोटिल कर दिया। विक्षिप्त महिला के पत्थर के प्रहार से बाइक सवार युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक करण कुमार (पिता अर्जुन गंझू, परसाही) अपनी बाइक पर सवार होकर वहां से गुजर रहा था।

# ट्रांसमिशन लाईन का हाई टेंशन टॉवर गिरा, बड़ा हादसा टला

## विगत वर्षों में बड़े पैमाने पर हुई है हाईटेंशन टावर व पैंथर वायर की कटिंग कर चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के दुबी गांव के समीप सड़क किनारे रविवार सुबह ट्रांसमिशन लाइन का हाई टेंशन टावर धराशाई हो गया। हाईटेंशन टावर के धराशाई होने के बाद टावर से जुड़ा पैंथर वायर सीएमएम पथ पर गिरकर कर बिखर गया। इधर सूचना के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के निर्देशन में सड़क पर गिरे पैंथर वायर कटिंग कर हटाया गया, जिसके बाद परिचालन सामान्य हो गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि हाईटेंशन टावर चोरों के द्वारा कटिंग किए जाने के कारण धराशाई हुई है या फिर अपने आप गिरी है। हाई टेंशन टावर के गिरने के बाद बाजार में लोग



गिरा हुआ हाई टेंशन टॉवर

जितने मुंह उतनी चर्चा करते लोग देखे जा रहे हैं।

**विगत वर्षो में जमकर हुई है हाई टेंशन टावर व पैंथर वायर को कटिंग कर चोरी** : बता दें कि विगत चार-पांच वर्षों में चोरों के द्वारा बड़े पैमाने पर ट्रांसमिशन लाइन के हाई टेंशन टावर व पैंथर वायर को काटकर बेचा गया है। जिस कारण कुछ टावरों को छोड़कर ज्यादातर हाईटेंशन टावर से पैंथर वायर की चोरी हो चुकी है। वर्तमान में कुछ समय में चोरी रुकने के कारण अभी भी कुछ टावर व तार बचे हुए हैं। अंदेशा लगाया जा रहा है कि बचे हुए हाईटेंशन टावर व पैंथर वायर को चोरी करने के नियत से टावर को काटा जा रहा था, इसी दौरान टावर धराशाई हो गया होगा।

**कैसे गिरी हाईटेंशन टावर की जाएगी जांचः अमित कुमार गुप्ता :** मामले में पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रांसलेशन लाइन का हाईटेंशन टावर चोरों के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने के कारण या फिर अपने आप गिरी है इसकी जांच की जाएगी। क्योंकि पूर्व के वर्षों में बड़े पैमाने पर उक्त क्षेत्र से हाईटेंशन टावर व तार की चोरी हुई है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा पाएगा।

### अध्यक्ष के नेतृत्व में एसपी से की मुलाकात

# लातेहार पुलिस का पूरा सहयोग सद्भावना कमेटी के साथ : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**बालूमाथ।** बालूमाथ सद्भावना कमेटी के 15 सदस्यीए प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात किया व सद्भावना कमेटी के गठन के उद्देश्य की जानकारी दी। सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने पुलिस अधीक्षक से कमेटी के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आए दिन बालूमाथ में पर्व त्योहार मनाने व आपसी सौहार्द बनाने को लेकर पुलिस प्रशासन ज्यादा सक्रिय नजर आता था। यहां के लोग अमन चैन के साथ रहना चाहते हैं। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह कमेटी बनाई गई है। वहीं कमेटी के महासचिव हाजी शब्बीर ने कहा कि सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर सभी पर्व त्योहार को मनाएंगे और पुलिस प्रशासन से सहयोग लेकर इस सद्भावना कमेटी उद्देश्य को पूरा करेंगे। वहीं एसपी अंजनी अंजनी ने सद्भावना कमेटी से कहा कि बालूमाथ सद्भावना कमेटी के लोग अच्छे कार्य कर रहे हैं और सभी समुदाय के लोग काफी अच्छे व शांतिप्रिय लोग हैं। लातेहार पुलिस का पूरा सहयोग



एसपी से मलाकात करते सद्भावना कमेटी

सद्भावना कमिटी को रहेगा। हमारी शुभकामनाएं आप लोगों के साथ है। एसपी से मुलाकात के बाद सद्भावना कमेटी के लोगों ने बालूमाथ शांति समिति की होने वाली बैठक में भाग लेने का निर्णय लिया। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने वालों में सद्भावना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, महासचिव हाजी मोहम्मद साबिर, उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा, शैलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव, कार्यकारिणी सदस्य मनोहर प्रसाद गुप्ता समेत अन्य शामिल थे। इससे पूर्व सद्भावना समिति के लोगों ने एसपी अंजनी अंजन को बुके देकर स्वागत किया।

## मंत्री रामेश्वर उरांव से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने की मुलाकात



मुलाकात करते कांग्रेसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** रांची से मेदनीनगर जाने के क्रम में चंदवा पहुंचे सूबे के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री को चंदवा प्रखंड के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया व निदान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। असगर खान ने बताया कि मंत्री रामेश्वर उरांव से मुलाकात के दौरान उन्होंने चंदवा समेत पूरे चतरा संसदीय क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मांग टोरी रेल ओवरब्रिज निर्माण में हो रही देरी की समस्या से अवगत कराए हैं साथ ही चंदवा अंचल में प्रभार पर चल रहे अंचलाधिकारी के पद पर सीओ को बहाल करने की मांग भी की है।

# रंग में भंग डालने वालों से सख्ती के साथ निपटेगी पुलिस: श्रीनिवास सिंह

### होली और शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। होली और शब-ए-बारात पर्व को हर्षोल्लास व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मानने के उद्देश्य से रविवार को बरवाडीह थाना परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, समाजसेवी मनान अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मुखिया कालो देवी, बुद्धेश्वर सिंह सहित दोनो समुदाय के कई प्रबुद्धगन उपस्थित हुए। जहां बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि इस वर्ष होलिका दहन और शब ए बारात दोनों पर्व एक ही दिन होना बहुत ही खुशी और सौभाग्य की बात है। बरवाडीह प्रखंड हमेशा आपसी सौहार्द की मिसाल रहा है। यहां के लोग हर त्यौहार को एक दूसरे के साथ मिलकर मनाते आए



एक दूसरे को अबीर लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं देती प्रशासन

है, और आप सभी के सहयोग से इस परंपरा का निर्वहन इस बार भी होगा, यह प्रखण्ड प्रशासन सभी लोगों से अपेक्षा रखती है। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मनान अंसारी, ईश्वरी सिंह, प्रेम कुमार अधूरा और कन्हाई प्रसाद समेत दोनों समुदाय के लोगों ने बैठक को संबोधित करते हुए आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की बात कही।वहीं थाना प्रभारी ने विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी झगड़ों की जड़ शराब होती है। इधर जानकारी मिल रही है कि कई लोग शराब स्टॉक किए हुए है ताकि होली में बिक्री करेंगे। वैसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर हुए है।

उन्होंने क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री पर पाबंदी लगाने की बात कही। अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामना दी। बैठक में असलम अंसारी, ईश्वरी सिंह, मंसूर आलम, एकबाल सिंह, मुन्ना, राकेश रंजन, विजय कुमार और राजदीप रिकी सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

## शुद्ध पेयजल के मामले में आत्मनिर्भर होगा बरवाडीह प्रखण्ड : रामचंद्र सिंह



भूमिपूजन करते विधायक रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के शहरी और ग्रामीण इलाके अंतर्गत आने वाले सभी घरों में बहुत जल्द पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को मंगरा पंचायत अंतर्गत मंगरा पार्ट में भूमि पूजन कर अति महत्वाकांक्षी वृहद पेयजलापूर्ति योजना की नींव रखी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मेरा प्रयास है कि योजना का लाभ समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचे। ड्राई जॉन में आने वाले बरवाडीह प्रखण्ड के कई इलाकों में घर घर तक इस योजना का लाभ पहुंचेगा। बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र शुद्ध पेयजल के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा। विधायक ने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल में उतारने के लिए खाका तैयार है। आने वाले समय में किसी भी पंचायत का एक भी टोला ऐसा नहीं बचेगा जहां विकास की लकीर नहीं खींची गई हो। हमारी सरकार हर वर्ग के लोगों के विकास को लेकर कई महत्वकांक्षी योजनाओं पर कार्य कर रही है। वहीं उन्होंने संवेदक को गुणवतापूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए और लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह आप सभी की योजना है, इसलिए गुणवतापूर्ण कार्य हो इसकी निगरानी जरूरी है। इसके पूर्व कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया।

**गांव, गरीब और किसान की हितेषी है सरकार : रविंद्र राम :** मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने कहा कि झारखण्ड में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से गाँव, गरीब और किसान के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाकर सभी को सुदृढ़ बनाया जा रहा हैं। वहीं भूमिपूजन कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और तेतर यादव, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, राहुल गुप्ता, दीपू तिवारी, बिपिन बिहारी सिंह, मनोज गुप्ता, अजीत गुप्ता, अवधेश मेहरा, संजय यादव, मनोज सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, हुलास सिंह, प्रेम कु.अधूरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारेसांढ़ थाना में शांति समिति की बैठक

### होली और शब ए बारात शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारू।** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ थाना क्षेत्र में थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार यादव की अध्यक्षता में होली और शब-ए-बारात के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर कई थानों में शांति समिति की बैठक की संपन्न हुई। स्थानीय लोगों के साथ बैठक में दोनों त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से भी थानेदारों को अवगत कराया। बैठक में थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने सभी लोगों से सरकार के गाईडलाइन के तहत होली मनाने की अपील की। शांति समिति की बैठक में होली के दौरान किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग नहीं लगाने की अपील की गई। साथ ही उत्पात मचाने वालों से भी पुलिस सख्ती से निपटेगी। इसके साथ ही शब-ए-बारात के मौके पर लोगों से मस्जिद में ही रात में इबादत करने की अपील की गई और किसी भी व्यक्ति के दुकान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस ने सभी लोगों से किसी भी हाल में कानून



बैठक में पदाधिकारी व अन्य

व्यवस्था भंग नहीं हो इसका ख्याल रखने की अपील की है। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी तरह की सूचना मिलने पर थाना को जानकारी देने के लिए कहा गया है। वही मायापुर पंचायत के मुखिया सह मानस मणि दीप सेवा संस्थान के कार्यकर्ता सुभाष कुमार सिंह नें सरना धाम में मनाए जाने वाले रंगोत्सव में भाग लेने हेतु थाना क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया। उप प्रमुख रामदास यादव, अंजुमन कमेटी का सदस्य मोजाहिर अंसारी, वन विभाग के प्रतिनिधि चंदन कुमार तथा विक्टोरिया एक्का शांति समिति के सदस्यों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का अपील किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव,शम्भू प्रसाद, अनोरा कुजूर, आशिक अंसारी, संतोष यादव, भुनेश्वर सिंह, इरफान अंसारी, तुलसीदास यादव, सुरेश यादव, कमलेश प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत शिक्षिका को दी गई बिदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा मध्य विद्यालय परिसर में विद्यालय की सहायक शिक्षिका शिला एक्का की सेवानृवित होने पर सामारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विदाई समारोह का शुभारंभ बालूमाथ बीईईओ निर्मला लता, डीडीओ अंजनी कुमार सिन्हा, महुआडांड़ की शिक्षिका अनुपमा मिंज, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा शाहदेव, पंसस जया देवी, सेवानृवित शिक्षक जूठी सिंह ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। विदाई समारोह में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए बीईईओ लता ने कही की शिक्षक कभी सेवानृवित नही होते। अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों को शिक्षा देती है। साथ ही एक सभ्य समाज की निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। डीडीओ अंजनी ने कहा कि सरकारी सेवा में एक दिन सभी को सेवानृवित होना पड़ता है। मैं अपने जिले के अधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं कि सहायक शिक्षिका 28 फरवरी 2023 को सेवानृवित हुई और सभी प्रकार की पावना दे दी गई। प्रखंड प्रमुख उर्मिला ने कही की विदाई का क्षण तो दुःख दाई तो होता है। पर हमें गर्व है कि शिला जैसी शिक्षिका इस प्रखंड में वर्षों अपना योगदान देते हुए ईमानदारी पूर्वक शिक्षण कार्य की। इसके पश्चात उपरोक्त सभी अतिथियों ने सयुंक्त रूप से सहायक शिक्षिका शिला को शॉल ओढ़ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके ठीक पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर, विद्यार्थियों द्वारा झारखंड की मशहूर लोक पायिका नृत्य व स्वागत गीत गाकर किया गया। सामारोह को सफल बनाने में शिक्षक दीपक कुमार सिंह, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सोनू कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी ने मनाया गया होली मिलन समारोह

**लातेहार।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक अमल दास के उपस्थिति में शनिवार को लातेहार जिला के विनायका होटल में संस्था की ओर से होली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिला प्रभारी राजू सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन लातेहार प्रखण्ड प्रभारी राजवर्धन सिंह ने किया। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने संबाधित करते हुए कहा कि संस्था जो कार्य कर रही है वह बहुत ही सराहनीय है एवं इस संस्था के संस्थापक अमल दास को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के संस्था को हमारे जिला में संचालित कर रहा है और जो गरीबों एवं महिलाओं के हित में कार्य कर रही ये बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने बताया कि हम संस्था को हर संभव सहायता करने के लिए तत्पर है।

## मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव निवासी एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव किया गया बरामद

# हत्यारों की गिरफ्तारी एवं मुआवजे की मांग को लेकर किया रोड जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दूंदू पंचायत के पुरानी दुंदु गांव निवासी अशोक राम उम्र 35 वर्ष का सतबरवा थाना क्षेत्र के भलवही मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 के किनारे संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया है। मृतक के पुत्र नवीन कुमार मेहरा ने बताया कि शनिवार की रात्रि में जुंगुर गांव से किसी व्यक्ति ने फोन करके मृतक अशोक राम को बुलाया था। परंतु मृतक अशोक राम भलवही मोड़ के समीप कैसे पहुंचा इसका पता नहीं। मृतक अशोक राम के घर से निकलने के बाद से ही उसके परिवार वाले उसे लगातार फोन कर रहे थे। लेकिन उससे बात नहीं हो पा रही थी। सुबह उसकी मौत की जानकारी मिलने के बाद जब उसके पुत्र और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो मृतक का अशोक राम की शव के रूप में पहचान की गई। मृतक के पुत्र बताते हैं कि मेरे पिता का किसी ने हत्या किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सतबरवा थाना पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है मामले की हर पहलू पर गंभीरता पूर्वक पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। बताते चलें कि मृतक का बाइक सड़क के एक तरफ और उसका शव दूसरी तरफ पड़ा हुआ था।

**पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही ग्रामीणों ने कर दिया सड़क जाम :** मृतक अशोक राम के शव को पुलिस



सड़क जाम हटाने के लिए लोगों को समझाते स्थानीय विधायक व अन्य

अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डालटेनगंज सदर अस्पताल भेज दिया था। पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक का शव जब मनिका प्रखंड मुख्यालय के सेमर चौक पहुंचा तो ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर भारी संख्या में राष्ट्रीय मार्ग 39 को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस प्रशासन अविलंब घटना की जांच कर हत्यारों की गिरफ्तारी करे और स्थानीय विधायक मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए मुआवजा,सरकारी नौकरी और मृतक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की गारंटी दे तभी सड़क जाम को हटाया जाएगा।

**विधायक व बीडीओ के आश्वासन के बाद हटाया गया जाम :** मामले की जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह,बीडीओ वीरेंद्र किंडो,मनिका थाना से एसआई गौतम कुमार,प्रदीप राय,एएसआई मनोज कुमार दुबे,समेत इत्यादि जाम स्थल पर पहुंचे। मौके पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मृतक अशोक राम मेरा काफी नजदीकी कार्यकर्ता रहा है। मैं खुद ही इस मामले की कार्रवाई के लिए नेतृत्व कर रहा हूं,मृतक का शव सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरामद की गई है इसलिए वहां की पुलिस मामले की गहराई पूर्वक जांच कर रही है जांच उपरांत हत्या का मामला आने पर जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलने वाली सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं विधायक एवं अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटा दिया और फिर से वाहनों का आवागमन शुरू हुई।

